निदेशक की रिपोर्ट

वर्ष 2024-25 सीएसआईआर-राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएँ (सीएसआईआर-एनएएल) की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है जो वांतरिक्ष अनुसंधान एवं विकास (अ-वि) की दिशा को नए सिरे से परिभाषित करने की ओर अग्रसर रहा। यह वर्ष उन्नत अनुसंधान, सामरिक साझेदारियों और उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित रहा। साथ ही, यह अवधि विशेष रूप से उत्साहवर्धक रही, क्योंकि सीएसआईआर-एनएएल को माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ तथा माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री के. राम मोहन नायडू जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की गौरवमयी उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इनके आगमन से भारतीय नागर विमानन क्षेत्र को सक्षम बनाने की दिशा में सीएसआईआर-एनएएल की संस्थागत प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों को नई गति और प्रोत्साहन मिला। सीएसआईआर-एनएएल ने नागर विमानन अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त करने के साथ ही रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भारत-केंद्रित कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया है।

वर्ष 2024-25 के लिए सीएसआईआर-एनएएल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह रिपोर्ट हमारी समर्पित टीम के कठिन परिश्रम, संस्थान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्ष 2024-25 की सीएसआईआर-एनएएल की प्रमुख उपलब्धियों का संकलन यहाँ प्रस्तुत है और मैं सीएसआईआर-एनएएल की पूरी टीम को पिछले वर्ष के दौरान सीएसआईआर-एनएएल द्वारा की गई शानदार उपलब्धियों में अमूल्य योगदान देने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

मुख्य विशेषताएँ

वर्ष 2024-25 के दौरान, वांतरिक्ष कार्यक्रमों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गईं। सिस्टम इंजीनियरिंग, विश्वसनीयता इंजीनियरिंग और गुणवत्ता आश्वासन प्रथाओं को सारस एमके II, हंसा-3 (एनजी), और हाई-एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (HAPS) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में मज़बूती से समाकलित किया गया। वांतरिक्ष क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को बढाने के लिए सीएसआईआर-एनएएल ने स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय महत्व की वांतरिक्ष परियोजनाओं (APNI) के प्रस्तावों को डीएसआईआर के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। इन परियोजनाओं की समीक्षा सीएसआईआर-एनएएल के मार्गदर्शक डॉ. वी.के. सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग द्वारा की गई।

प्रयोगशाला की प्रदर्शन मूल्यांकन बोर्ड (पीएबी) परियोजनाओं के अंतर्गत, हंसा-3 (एनजी) वायुयान ने अपना प्रमाणन पूरा किया और सीएस-23 संशोधन-6 का उपयोग करके आईएफआर प्रमाणन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की। हंसा-3 (एनजी) के लिए लाइसेंसिंग गतिविधियों को उद्योग भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) के साथ लॉन्च

किया गया। माननीय नागर विमानन मंत्री (एमओसीए), श्री के राम मोहन नायडू ने 28 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-एनएएल का दौरा किया। उन्होंने हंसा-3 (एनजी) वायुयान के तकनीकी दस्तावेजों, जैसे वायुयान उड़ान मैनुअल (एएफएम), वायुयान रखरखाव और मरम्मत मैनुअल (एएमआरएम), और इलस्ट्रेटेड पार्ट्स कैटलॉग (आईपीसी) का अनावरण किया। यह नागर विमानन कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इस कार्यक्रम की प्रासंगिकता को उजागर करता है।

प्रमुख पीएबी परियोजना, सारस एमके II ने अपने पर्यावरण नियंत्रण, उड़ान नियंत्रण, ईंधन और बिजली संयंत्र प्रणालियों में पर्याप्त प्रगति की है। आईआईएससी, बेंगलूरु में 1:6 स्केल सारस एमके II का पावर-ऑन विंड टनल परीक्षण किया गया और एक नई आयरन बर्ड परीक्षण सुविधा तैयार की जा रही है। पिछले वर्ष डीजीसीए द्वारा तीन सारस एमके II प्रोटोटाइप के निर्माण की मंजूरी दी गई और ए एस 9100 डी गुणवत्ता मानक के लिए पुनः प्रमाणन प्राप्त किया गया।

HAPS पर सीएसआईआर-एनएएल का काम राष्ट्रीय विकास के लिए निकट-अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने में भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। HAPS प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के उड़ान परीक्षण ने प्रमाणित ऑटोपायलट हार्डवेयर पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मूल्यवान अनुभव प्रदान कर रहा है, जिसका अंततः पूर्ण पैमाने पर HAPS में उपयोग किया जाएगा। टीम पूर्ण पैमाने पर HAPS के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है।

सीएसआईआर-एनएएल ने डीआरडीओ और इसरो के बाह्य वित्तपोषित राष्ट्र-केंद्रित कार्यक्रमों में युगांतकारी योगदान दिया। मिसाइल और लड़ाकू वायुयान विन्यास के लिए वायुगतिकीय परीक्षण किया गया, जिसमें 1.2 मीटर और 0.6 मीटर ट्राइसॉनिक पवन सुरंगों में 1,957 ब्लोडाउन शामिल हैं। जीएसएलवी प्रायोगिक वाहन मॉडल और एचएलवीएम3 क्रू मॉड्यूल का परीक्षण को भी पूरा किया गया। गगनयान प्रक्षेपण यान के एयरोइलास्टिक मॉडल का सफल डिजाइन और परीक्षण सीएसआईआर-एनएएल की उपलब्धियों की गहराई और विविधता को और ज्यादा उजागर करता है।

एलसीए, एएमसीए और टीईडीबीएफ जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख प्लेटफार्मों में सीएसआईआर-एनएएल की सहभागिता, भारत के वांतरिक्ष क्षेत्र में इसकी सामरिक विश्वसनीयता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है। सीएसआईआर-एनएएल के प्रयासों को उच्च स्तर पर मान्यता मिली है, जो बीएसएफ जैसे राष्ट्रीय रक्षा बलों के लिए संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के सफल क्षेत्र परीक्षणों तथा इन-स्पेस उपग्रह प्रतियोगिता में इसरो को प्रदान किए गए समर्थन के रूप में परिलक्षित होती है। एलसीए एमके I और एमके-IA के लिए नियंत्रण कानून और ऑटोपायलट सिस्टम को पूरा किया गया जबकि एमके-II, एएमसीए (AMCA) और टीईडीबीएफ (TEDBF) के लिए काम जारी है। मानवरहित किरण प्लेटफॉर्म के विकास के लिए मॉडलिंग और सिमुलेशन में अतिरिक्त प्रगति की गई। सीमा सुरक्षा बल के लिए भुज सीमा पर एक क्यू प्लेन (क्वाड-यूएवी) प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया गया, जिसमें स्वदेशी यूएवी क्षमताओं को प्रदर्शित किया ।

सीएसआईआर-एनएएल की प्रतिबद्धता सेमिलैक से प्राप्त निरंतर अनुमोदन, आरसीएमए द्वारा सामरिक मूल्यांकन, डीआरडीओ एवं इसरो के साथ सहयोगी परियोजनाओं से स्पष्ट होती है। सीएसआईआर-एनएएल ने 26 विफलता जांचों को सुगम बनाया, निजी क्षेत्र के सूक्ष्म उपग्रहों का परीक्षण किया, स्पेस-एक्स (SpaceX) के माध्यम से उनके प्रक्षेपण को सक्षम किया और एलसीए और एएन-32 जैसी प्रमुख भारतीय सैन्य विमानन परिसंपत्तियों के लिए श्रांति जीवन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, संरचनात्मक डिज़ाइन और कठोर परीक्षणों में सीएसआईआर-एनएएल के योगदान ने विमानों की सेवा आयु के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे एक विश्वसनीय राष्ट्रीय वांतरिक्ष अनुसंधान एवं विकास संगठन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हुई। पूरे भारत में कुल 173 दृश्यता मापन प्रणाली 'दृष्टि' स्थापित की गई है।

वांतरिक्ष पदार्थों और प्रौद्योगिकियों पर सीएसआईआर-मिशन मोड

27 मई 2024 को माननीय उपराष्ट्रपति का सीएसआईआर-एनएएल दौरा

परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। इस मिशन-मोड परियोजना में कई नवीन पदार्थ, लेपन और उत्पाद विकसित किए गए।

नागर विमानन में अपने प्रमुख योगदान के लिए एनएएल को सीएसआईआर मुख्यालय और नीति आयोग दोनों द्वारा मान्यता मिली। गुणवत्ता और अनुपालन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि एएस9100डी प्रमाणन के सफल नवीनीकरण के माध्यम से की गई। ये पहलू सीएसआईआर-एनएएल की तकनीकी क्षमता की बढ़ती संस्थागत और क्षेत्रीय स्वीकृति को दर्शाते हैं।

नागर विमानन में योगदान

वर्ष 2024-25 में भारतीय नागर विमानन क्षेत्र में सीएसआईआर-एनएएल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस क्षेत्र से संबंधित परियोजनाएँ ज्यादातर सीएसआईआर-एनएएल की

28 अक्टूबर 2024 को माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री का सीएसआईआर-एनएएल दौरा

29 अक्टूबर 2024 को हंसा-3(एनजी) नेटवर्किंग मीट का आयोजन

प्रमुख प्रदर्शन मूल्यांकन बोर्ड (पीएबी) परियोजनाएँ हैं, जैसे हंसा 3 (एनजी), सारस एमके II और आर टी ए इन सभी परियोजनाओं ने इस वर्ष के दौरान उल्लेखनीय प्रगति की। शहरी वायु गतिशीलता जैसे के नए क्षेत्रों में गतिविधियाँ शुरू की गईं। सीएसआईआर-एनएएल की विभिन्न पीएबी परियोजनाओं की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:



सारस एमके II आयरन बर्ड संरचना असेंबली

हंसा-3 (एनजी)

इस अवधि के दौरान हंसा-3 (एनजी) वायुयान कार्यक्रम ने कई महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ पाईं। वायुयान प्रमाणन सफलतापूर्वक पूरा किया गया, और आई एफ आर प्रमाणन कार्यक्रम को मंजूरी दी गई तथा डीजीसीए के साथ इस पर चर्चा चल रही है। पिछले वर्षों में उत्पादन-मानक वायुयान (एमएसएन 015) का निर्माण शुरू किया गया तथा एयरफ्रेम एव प्रमुख संरचनात्मक तत्वों के निर्माण को पूरा किया गया। असेंबली और समाकरण का काम जारी है। परिचालन तत्परता का समर्थन करने के लिए, इलस्ट्रेटेड पार्ट्स कैटलॉग (आईपीसी), एयरक्राफ्ट फ़्लाइट मैनुअल (एएफएम), और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और रिपेयर मैनुअल (एएमआरएम) जैसे आवश्यक मैनुअल को ATA100/ iSpec2200 मानकों के अनुसार तैयार किए गए। इन मैनुअलों को माननीय नागर विमानन मंत्री श्री के. राम मोहन नायडू द्वारा 28 अक्तूबर 2024 को जारी किया गया। 29 अक्टूबर 2024 को सीएसआईआर-एनएएल एक उद्योग बैठक आयोजित की जिसमें उद्योगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस बैठक में संभावित उद्योग कंपनियाँ सम्मिलित हुईं तथा इन उद्योगो ने जुलाई 2024 में भी सीएसआईआर-एनएएल द्वारा जारी ईओआई पर हंसा-3 (एनजी) वायुयान निर्माण टीओटी में रुचि दिखाई है। वायुयान के आउट-लाइसेंसिंग और व्यावसायीकरण के लिए मेसर्स पायनियर क्लीन एम्प्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक सामरिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वर्ष के दौरान हंसा-3 (एनजी) के लिए 225 से अधिक शीट मेटल पार्ट्स, संबंधित जिग्स और असेंबली का निर्माण किया गया। सीएसआईआर-एनएएल ने एवियोनिक्स, इलेक्ट्रिकल सिस्टम और फ्लाइट टेस्ट इंस्ट्रूमेंटेशन का विकास जारी रखा और आईएफआर प्रमाणन आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया। इस परियोजना में सीएसआईआर-सीएसआईओ के सहयोग से विकसित कस्टम एलईडी लाइटिंग सिस्टम का सफल समाकलन और परीक्षण भी किया गया। उन्नत टेलीमेट्री और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन सिस्टम एक्स-डीएएएस का फील्ड परीक्षण प्रभावी ढंग से किया गया। इसके



सारस एमके II सिम्युलेटर और एवियोनिक्स इंटीग्रेशन टेस्ट रिग (एआईटीआर)

अतिरिक्त, आगामी पूर्ण पैमाने पर श्रान्ति परीक्षण का समर्थन करने के लिए एक श्रान्ति लोड स्पेक्ट्रम विकसित किया गया, जिससे वायुयान के विकास को और बढ़ाया जा सके।

सारस एमके II

सारस एमके II कार्यक्रम ने इस वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण विकासात्मक उपलब्धियाँ हासिल कीं। नौ प्रमुख उप-डोमेन के लिए सीडीआर पूरे किए गए, जिनमें एम्पेनेज, रडोम, ब्रेक और केबिन डोर सिस्टम (यात्री, कार्गो और आपातकालीन) जैसे सिस्टम शामिल हैं। इससे डिजाइन परिपक्वता और समाकलन तत्परता सुनिश्चित हुई। एवियोनिक्स और इलेक्ट्रिकल सिस्टम के लिए सीडीआर भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समवर्ती रूप से, प्रमुख सिस्टम विकास आगे बढ़े, जिसमें एकीकृत एवियोनिक्स फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (आईएएफसीसी), स्टॉल वार्निंग और प्रोटेक्शन सिस्टम, ब्रेक मैनेजमेंट सिस्टम और एक कस्टम थर्मल-इंसुलेटिंग पेंट शामिल है, जिसे सेमिलैक से स्वीकृति भी मिली। एकीकृत सुरक्षा और संचार क्षमताओं की विशेषता वाला एक कस्टम विंडशील्ड हीटर भी विकसित किया गया।

एयरवर्थिनेस के क्षेत्र में, एयरवर्थिनेस सर्टिफिकेशन प्लान (एसीपी) और टाइप अप्रूवल बेसिस (टैब) जैसे दस्तावेज़ों को सेमिलैक और डीजीसीए दोनों से मंजूरी मिली। तीन प्रोटोटाइप के निर्माण के लिए डीजीसीए के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद, 50 से अधिक उड़ान योग्य शीट धातु के पुर्जे तैयार किए गए। संरचनात्मक एकीकरण को परिमित तत्व विधि (एफईएम)-आधारित भार वितरण विश्लेषण के साथ उन्नत किया गया, और विश्वसनीयता अध्ययन के साथ द्रव्यमान और सीजी अनुकूलन के परिणामस्वरूप लगभग 200 किलोग्राम का अनुमानित वजन कम किया गया। इसके अतिरिक्त, संरचनात्मक मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक विफलता मोड, प्रभाव विश्लेषण (एफएमईए) और तनाव/आवृत्ति अध्ययन किया गया है।

समाकलित परीक्षण के लिए आयरन बर्ड सुविधा की स्थापना के माध्यम से ग्राउंड परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाया गया। कुल 289 इंजन ग्राउंड रन आयोजित किए गए, जिसमें 100% टॉर्क परीक्षण शामिल था। आईआईएससी में 1:6 स्केल मॉडल का सफल परीक्षण भी विंड टनल मूल्यांकन में शामिल है। कार्यक्रम ने प्राथमिक और बहुक्रियाशील उड़ान डिस्प्ले के साथ एवियोनिक्स इंटीग्रेशन टेस्ट रिग (AITR) का सफल एकीकरण भी हासिल किया। इसके अलावा, रेडोम का डिज़ाइन एक नए रडार सिस्टम को समायोजित करने के लिए किया गया। इस वर्ष टीमसेंटर का उपयोग कर उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन (PLM) को कार्यान्वित किया गया। ताकि डिज़ाइन और निर्माण कार्य प्रवाह को कारगर बनाया जा सके। सीएसआईआर मुख्यालय को एक संशोधित लागत और समय



हैप एफ एस विन्यास पर C_p समोच्च रेखाएँ

1.5 मीटर एलएसडब्ल्यूटी में प्रोपेलर परीक्षण का प्रायोगिक सेटअप

वृद्धि प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। नियंत्रण पहिया का प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है और एर्गोनोमिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है तथा कार्यात्मक मूल्यांकन भी प्रगति पर है।

उच्च ऊंचाई छद्म उपग्रह (HAPS)

HAPS परियोजना ने कई तकनीकी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति हासिल की जिसमे परियोजना के लिए आवश्यक उपकरणों का सफलतापूर्वक निर्माण, और कैम प्रोग्रामिंग और सी एन सी मशीनिंग के माध्यम से सटीक घटक निर्माण शामिल हैं। मॉडलिंग एवं सिमुलेशन, वायुगतिकीय अभिलक्षणीकरण

और नियंत्रण कानून विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई जिससे प्लेटफ़ॉर्म के डिज़ाइन और स्थिरता के लिए एक मजबूत नींव प्रदान हुई। संतुलित उड़ान प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए द्रव्यमान और गुरुत्वाकर्षण केंद्र (सी जी) को सटीक रूप से स्थापित किया गया। 2 जी लोडिंग स्थितियों के तहत एक पूर्ण पैमाने के पंख का डिज़ाइन और संरचनात्मक रूप से विश्लेषण किया गया। इस विश्लेषण में द्रव-संरचना इंटरैक्शन अध्ययन, इसके वायुगतिकीय व्यवहार में और अधिक जानकारी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, धड़ और ऊर्ध्वाधर पूंछ के संरचनात्मक विन्यास विकसित और परिष्कृत किए गए, इससे समग्र एयरफ्रेम डिज़ाइन कार्य में प्रगति हुई। HAP पूर्ण पैमाने (एफ एस) ver-0.2 पर विभिन्न उड़ान स्थितियों के अनुरूप विभिन्न रेनॉल्ड्स संख्याओं पर सीएफडी सिमुलेशन किए गए। वायुगतिकीय दक्षता (एल/डी) स्वीकार्य सीमाओं के अंतर्गत है और इस श्रेणी के हवाई यानों के लिए खुले साहित्य में मौजूद ऑंकड़ों से अच्छी तरह मेल खाती है। पूर्ण पैमाने के हैप के लिए उच्च दक्षता वाले प्रोपेलर के विकास कार्य से पूर्व, हैप उप-पैमाने के मौजूदा कोट्स प्रोपेलर को एन ए एल मे अभिकल्पित प्रोपेलर से बदला गया। इस निर्मित प्रोपेलर से प्राप्त दक्षता और थ्रस्ट स्तर के परिणाम दर्शाते हैं कि बीईएमटी कोड द्वारा अनुमानित दक्षता और थ्रस्ट स्तर के परिणाम के साथ अच्छी तरह से मेल खाते हैं, जिससे इस कोड को पूर्ण पैमाने पर प्रोपेलर के विकास हेतु अपनाने में पर्याप्त विश्वास प्राप्त है।

मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी)

इस वर्ष के दौरान विभिन्न मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। क्यू-प्लेन (क्वाड-यूएवी) को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के लिए डिजाइन किया गया और सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया, साथ ही इस प्लेटफॉर्म के इंजन-संचालित संस्करण को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। ऑक्टा-60 यूएवी को डमी उपग्रह प्रक्षेपण के लिए इनस्पेस इवेंट में तैनात किया गया जो इसकी परिचालन उपयोगिता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, परिशुद्ध कृषि की सहायता करने के लिए एक यूएवी-आधारित वेरिएबल-रेट कीटनाशक स्प्रेयर विकसित किया गया। सीएसआईआर-4पीआई और सीएसआईआर-आईआईआईएम के साथ सहयोगी कृषि-प्रौद्योगिकी मिशन ने मल्टीस्पेक्ट्रल, हाइपरस्पेक्ट्रल और लिडार इमेजरी के अधिग्रहण की सुविधा प्रदान की, जिससे कृषि क्षेत्र में यूएवी अनुप्रयोगों के विस्तार में मदद मिली। सीएसआईआर एनएएल ने एक प्रौद्योगिकी सह निवेश भागीदार को शामिल करने के लिए लॉयटरिंग म्यूनिशन (एलएम) यूएवी के विकास के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) किया । लगभग 21 कम्पनियों ने अपनी बिड प्रस्तुत की और एनएएल के साथ निवेश और काम में सहकार्यता करने की इच्छा व्यक्त की है। एनएएल की तकनीकी मूल्यांकन समिति ने 21 कंपनियों में से 8 कंपनियों को चयनित किया है। वर्तमान परियोजना टीम एलएम यूएवी के वायुगतिकीय विन्यास को अंतिम रूप देने और वांकल इंजन को 2.2-2.4 कि.मी. की ऊंचाई पर परीक्षण करने के लिए भी काम कर रही है।



यूएवी का उपयोग करके श्रीनगर (डूसू) में केसर के खेत का थर्मल मानचित्र

क्षेत्रीय परिवहन विमान (आर टी ए)

आईआईटी-कानपुर में आर टी ए विन्यास का पवन सुरंग परीक्षण किया गया, जिससे मूल्यवान वायुगतिकीय ऑंकड़ें प्राप्त हुए। सुपरहाइड्रोफोबिक कोटिंग्स और बाउंड्री लेयर ट्रिप्स (बी एल टी) पर समवर्ती अध्ययनों ने इन पवन सुरंग अध्ययनों के दौरान सतह प्रौद्योगिकी और प्रवाह

नियंत्रण की प्रगति में योगदान दिया। सभी परियोजना दस्तावेजों को सीएसआईआर-एनएएल के उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन (पी एल एम) ढांचे, टीमसेंटर के भीतर व्यवस्थित रूप से संग्रहीत किया गया है। इससे कुशल रिकॉर्ड का रखरखाव होता है। इसके अतिरिक्त, एपीएनआई (APNI) योजना के तहत इस श्रेणी के वायुयानों के लिए, भविष्य के नागरिक परिवहन वायुयान प्रणालियों के विकास के समर्थन के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) प्रस्तुत की गई।

शहरी वायु गतिशीलता (यू ए एम)

अगली पीढ़ी के शहरी गतिशीलता समाधानों के साथ बने रहने के लिए, सीएसआईआर-एनएएल ने शहरी एयर टैक्सी (यूएटी) और एकीकृत हवाई क्षेत्र प्रबंधन (यूएएम) प्रणालियों के विकास के लिए अनुसंधान और डिजाइन प्रयासों की शुरुआत की है। इन क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और प्रगति में तेजी लाने के लिए टाटा एलेक्सी, यूबीफ्लाई और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ, यूएटी और यूएएम पहलुओं का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और एकीकरण करके सामरिक साझेदारी स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

सामरिक क्षेत्र में योगदान

परंपरा को जारी रखते हुए, सीएसआईआर-एनएएल ने वर्ष 2024-25 के दौरान सामरिक

1.2 मीटर पवन सुरंग में स्थापित एक विशिष्ट मिसाइल विन्यास मॉडल

क्षेत्र को अपना निरंतर समर्थन दे रहा है। डीआरडीओ के विभिन्न रक्षा कार्यक्रमों में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए गए। इन परियोजनाओं की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

इस अवधि के दौरान, डीआरडीओ के लिए कई बाह्य परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया, जिसमें उपकरण और घटक निर्माण के साथ-साथ उत्पादन के बाद का समर्थन भी शामिल था। एलसीए और एफयूएफए जैसे सामरिक प्लेटफार्मों के लिए पवन सुरंग मॉडल का निर्माण और निरीक्षण पूरा किया गया। प्रक्षेपण यान, मिसाइल और लड़ाकू वायुयान विन्यास के लिए ट्राइसोनिक पवन सुरंगों में कुल 1,957 ब्लोडाउन किए गए, जो इसरो, डीआरडीओ और एडीए सहित अन्य ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं। वायुगतिकीय अध्ययनों में नियंत्रण सतह की प्रभावशीलता, हिंज मोमेंट माप और स्टोर एकीकरण के प्रभाव का विश्लेषण किया गया। कार्बन-फाइबर/सिलिकॉन कार्बाइड (C_f/SiC) घटकों का सहयोगात्मक विकास कार्य को प्रगति प्रदान करने के लिए इसका इस्तेमाल डीएमआरएल, हैदराबाद के लॉन्ग रेंज हाइपरसॉनिक वाहनों (एल



कम आर सी एस इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ई डब्ल्यू) एंटेना (1-18 GHz) के प्रोटोटाइप

एलसीए एएफ एमके II क्वार्ट्ज रडोम

आर एच वी) के लिए घटक जैसे काउल प्लेट्स, फेंस प्लेट्स और नोज़ टिप्स दिया गया जबकि आरसीआई, हैदराबाद के साथ चौथी पीढ़ी के वायुयानों के लिए ब्रेक डिस्क अनुप्रयोगों का मूल्यांकन किया गया। 26 वांतरिक्ष और रक्षा दुर्घटनाओं



एएमसीए फ्लैपरॉन परीक्षण बॉक्स असेंबली का पूरा स्टैटिक स्ट्रेंथ टेस्ट सेटअप

के लिए विफलता विश्लेषण पूरा किया गया।

सीएसआईआर-एनएएल ने डीआरडीओ और रक्षा के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) को एलसीए एमके-I, एमके-IA, एमके II , ट्रेनर, एएमसीए और टीईडीबीएफ सहित कई प्रकार के विमानों के लिए नियंत्रण कानून विकास और सिमुलेशन कार्य में अपना सहयोग देना जारी रखा, साथ ही ऑटो-थ्रॉटल सिस्टम, सिंथेटिक विजन सिस्टम और पायलट-इन-लूप सिमुलेशन पर काम किया। लड़ाकू वायुयान मूल्यांकन के लिए डिस्ट्रीब्यूटेड इंजीनियर-इन-लूप सिम्युलेटर (डीईएलएस) का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया। एयरबोर्न इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम का विकास आईआरडीई, डीआरडीओ के साथ किया गया। एलसीए एएफ एमके II क रेडोम और एएमसीए एकीकृत बिजली संरक्षण सुविधा के विकास में साझेदारी की गयी। अनुसंधान और विकास गतिविधियों में उन्नत स्टेल्थ सिस्टम, लो-आरसीएस एंटेना और सक्रिय रेडार क्रॉस-सेक्शन रिडक्शन (आरसीएसआर) तकनीक शामिल हैं, जिसमें उच्च गति वाले वांतरिक्ष संचार के लिए टेराहर्ट्ज एंटेना पर प्रारंभिक कार्य शुरू हुआ। रोटरक्राफ्ट प्लेटफ़ॉर्म पर मॉडलिंग और नियंत्रण कार्य भी शुरू किया गया।

भविष्य में मानवरहित लड़ाकू वायुयान (एफयुएफए) के हिंज मोमेंट कैलिब्रेशन सेटअप एवं संबंधित विंड टनल मॉडल पूरे किये गए, जो वायुगतिकीय विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण

एनजे-100 छोटा गैस टर्बाइन इंजन

आंकड़ें प्रदान करते हैं। मानवरहित किरण वायुयान के लिए सिस्टम पहचान और नियंत्रण एल्गोरिदम के विकास कार्य में प्रगति की गयी। इससे इसकी उड़ान क्षमताएं बढ़ गई हैं। डीआरडीओ द्वारा प्रायोजित यूएवी कार्यक्रमों के तहत, इन्फ्रारेड सर्च एंड ट्रैक (आईआरएसटी), मिसाइल अप्रोच वार्निंग सिस्टम (एमएडब्ल्यूएस), रेडार वार्निंग रिसीवर (आरडब्ल्यू आर) और रेडार तकनीकों को एकीकृत करने वाले मल्टी-टारगेट ट्रैकिंग सिस्टम के लिए परिष्कृत एल्गोरिदम और हार्डवेयर विकसित किए गए ।

सीएसआईआर-एनएएल द्वारा एचएएल/एयरफोर्स से जगुआर वायुयान डैरिन -III सिम्युलेटर विकास पर परियोजना शुरू की

यूडी कार्बन फाइबर प्रीप्रेग मशीन

डी-ओ-डी परीक्षण के बाद सीएफ/सी-एसआईसी सम्मिश्रण डिस्क

पिघले हुए $Ni_{50}Ti_{30}Hf_{20}$ उच्च तापमान आकार स्मृति मिश्र धातु पैनकेक

विकसित एलटीसीसी-पीजेडटी पैकेज्ड एक्सेलेरोमीटर प्रोटोटाइप

गई। सीटीएफडी टीम ने कम समय में व्यापक वायुगतिकीय डेटाबेस तैयार करने के लिए जगुआर वायुयान के करीब 200 विन्यासों के लिए वायुगतिकीय ऑकड़ा प्रदान किया है। सीएफडी का अभिनव उपयोग किया गया है। सीएसआईआर-एनएएल 1.2 मीटर सुरंग में एक विशिष्ट मिसाइल विन्यास के छोटे मॉडल पर 0.6 से 1.2 की मैक संख्या रेंज में वायुगतिकीय अभिलक्षण और - 8 डिग्री से 22 डिग्री के आक्रमण कोण रेंज में अलग अभिविन्यासों पर पवन सुरंग परीक्षण पूरे किए गए।

स्टेल्थ, रेडोम और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नेचर कंट्रोल प्रौद्योगिकियों में भी प्रगति हुई। सीएसआईआर-एनएएल ने स्पाइरल एंटेना और विवाल्डी एंटेना जैसे कम आर सी एस इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ई डब्ल्यू) एंटेना का विकास किया।।

सम्मिश्रण पदार्थ क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की गयी जिसमें क्वार्ट्ज-सायनेट एस्टर कंपोजिट का उपयोग करके पूर्ण पैमाने पर एल सी ए रेडोम का विकास और उच्च तापमान पॉलीमाइड कंपोजिट से निर्मित एक कंपोजिट बाईपास डक्ट शामिल है। एल सी ए सेंटर फ्यूज़लेज कंपोजिट घटकों के लिए सह-उपचार प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग किया गया। एल सी ए एस पी ट्रेनर के इन-फ़्लाइट रिफ्यूएलिंग (आई एफ आर) प्रोब के लिए एक श्रांति जीवनकाल परीक्षण रिग विकसित किया गया। इस श्रांति परीक्षण ने ए एन-32 मुख्य लैंडिंग गियर हब की अतिरिक्त 1,000 लैंडिंग के लिए इसके परिचालन जीवनकाल को बढ़ाने में सहायता की। एएमसीए घटकों पर पक्षी हमले के परीक्षणों के लिए 3डी डिजिटल इमेज कोरिलेशन जैसी उन्नत उपकरण तकनीकों का उपयोग किया गया, जबकि एएमसीए के लिए फ्लैपरॉन परीक्षण बॉक्स ने सफलतापूर्वक डिजाइन योग्यता पूरी की गई जो इन वांतरिक्ष पहलुओं के व्यापक दायरे एवं तकनीकी गहराई को दर्शाता है।

नोदन प्रभाग द्वारा 100 kgf थ्रस्ट वाले छोटे गैस टर्बाइन इंजन (एनजे-100) का डिजाइन और विकास किया गया । इंजन का उद्देश्य सामरिक यूएवी और क्रूज मिसाइलों को शक्ति प्रदान करना है। इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण 100% डिज़ाइन गति पर किया गया। एनजे-5 इंजन को एक मॉडल वायुयान में समाकलित किया गया और उड़ान परीक्षण किया गया।

विशेष पदार्थ और लेपनों में योगदान

वर्तमान और भविष्य के वांतरिक्ष अनुप्रयोगों का सहयोग करने के लिए पदार्थ, लेपन और सम्मिश्रण प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण प्रगति की गई। कार्बन फाइबर के विकास ने सम्मिश्रण पदार्थों में, अनुकूलित पोलीमराइजेशन, स्पिनिंग और ऑक्सीकरण के माध्यम से मध्यवर्ती मापांक फाइबर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। बेहतर फ्रैक्चर टफनेस और हॉट-वेट प्रदर्शन के साथ एक स्वदेशी C_f/एपॉक्सी प्रीप्रेग विकसित किया गया, और एक नए डबल प्लैनेटरी मिक्सर



n-Ni प्लेटेड जटिल घटक



रीक्षण के बाद कंप्रेसर इम्पेलर्स पर क्षरण-रोधी कोटिंग्स के साथ और बिना NJ5-PT04 इंजन

का उपयोग करके सफलतापूर्वक बडे पैमाने पर तैयार किया गया । बडे पैमाने पर तैयार किया गया रेजिन का मूल्यांकन किया गया और उद्योग भागीदार के साथ यूनिडायरेक्शनल (यू डी) कार्बन फाइबर प्रीप्रेग में बनाया गया।

निकल-टाइटेनियम-हाफ़नियम (Ni-Ti-Hf) उच्च तापमान आकार स्मृति मिश्र धातु (एचटीएसएमए) के विकास पर अनुसंधान कार्य शुरू किया गया जो विभिन्न उच्च तापमान प्रवर्तन अनुप्रयोगों के लिए उपयोगी कम थर्मल हिस्टैरिसिस दर्शाता है। वैक्यूम आर्क-मेल्टिंग प्रक्रिया का उपयोग करके 450 ग्राम स्केल बैच पर नॉमिनल संरचना $Ni_{50}Ti_{30}Hf_{20}$ और $Ni_{24}Ti_{30}Hf_{20}Cu_6$ (सभी at. %) के मिश्र धातुओं को सफलतापूर्वक तैयार किया गया। गैस टरबाइन इंजन के दहन कक्ष बाहरी आवरण (सीसीओसी) में अनुप्रयोग किये जाने वाले तथा आईएन718 सुपरअलॉय के वेल्ड हीट ट्रीटमेंट (पीडब्ल्यूएचटी) के बाद क्रीप गुणधर्म का अध्ययन किया गया।

सीएसआईआर-एनएएल पिछले 2 दशकों से कार्बन फाइबर और सीएफ/एसआईसी कंपोजिट के विकास पर कार्य कर रहा है और वायुयान ब्रेक डिस्क, लंबी दूरी के हाइपरसोनिक वाहनों और अन्य उच्च तापमान अनुप्रयोगों के लिए सीएफ/सी-एसआईसी सिरेमिक मैट्रिक्स कंपोजिट (सीएमसी) के स्वदेशी विकास पर काफी काम किया गया । कम निर्माण समय/लागत (40-50%) के साथ सीएफ/सी-एसआईसी कंपोजिट बनाने के लिए सीवीआई और लिक्विड सिलिकॉन इनफिल्ट्रेशन (एलएसआई) की संकर प्रक्रिया को नियोजित किया गया और उनके मूल गुणधर्मों का मूल्यांकन किया गया। C_f/SiC कंपोजिट को वायुयान ब्रेक डिस्क और हाइपरसोनिक वाहनों में उपयोग के लिए हाइब्रिड CVI+LSI



इन-हाउस संश्लेषित डोप्ड YSZ पाउडर का उपयोग करके थर्मल बैरियर कोटिंग का विकास

प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित किया गया, जबकि सिरेमिक मैट्रिक्स कंपोजिट (सी एम सी) को ब्रेक और रेडोम अनुप्रयोगों के लिए विकसित किए गए। हाल ही में, सीएसआईआर-एनएएल ने सिलिकॉन नाइट्राइड रेडोम के संयुक्त विकास के लिए बीईएल के साथ एक एनडीए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

वांतरिक्ष पदार्थों पर मिशन मोड परियोजना की कुछ मुख्य विशेषताएं उल्लेखनीय हैं। सीएसआईआर-सीईईआरआई, पिलानी के सहयोग से कम तापमान वाले को-फायर्ड सिरेमिक (एलटीसीसी) आधारित पीजेडटी एक्सेलेरोमीटर का विकास किया । विकसित प्रोटोटाइप का निष्पादन आशाजनक पाया गया। एक तीन-परत, क्रोमेट-मुक्त, पर्यावरण अनुकूली कोटिंग प्रणाली विकसित की गई और कई परीक्षणों के लिए इसके निष्पादन का परीक्षण किया गया । आरसीएमए (एफएंडएफ) और आरसीएमए-कानपुर के परामर्श से योग्यता परीक्षण अनुसूची (क्यूटीएस) तैयारी के साथ-साथ प्रमाणन प्रक्रिया अब चल रही है। एक बहु-परत TiCr/TiCrN क्षरण-संक्षारण प्रतिरोधी कोटिंग विकसित की गई तथा Al-7075 से बने कंप्रेसर इम्पेलर पर जमा किया गया। छोटे गैस टर्बाइन

(NJ5-PT04) इंजन में ~95000 से 100,000 आरपीएम की गति से घूमने और मोटे एल्यूमिना इरोडेंट कणों को कंप्रेसर में पास करके कोटिंग के निष्पादन का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। संक्षारण प्रतिरोध में कोटेड इंपेल्लर ने बिना कोटेड इंपेल्लर की तुलना में बहतर प्रदर्शन किया । डोप किए गए YSZ, Yb_2O_3 डोप किए गए, $Gd_2Zr_2O_7$ (GdYbZ) और $La_2Zr_2O_7$ आधारित थर्मल बैरियर कोटिंग्स (टीबीसी) जैसे कम तापीय चालकता वाले ऑक्साइड विकसित किए गए और डोप किए गए YSZ प्लाज्मा स्प्रे किए गए TBC ने वाणिज्यिक YSZ कोटिंग की तुलना में कम तापीय चालकता, कम क्षरण दर, उच्च तापमान गिरावट और थर्मल चक्र प्रदर्शित किए। संश्लेषित सिलिका नैनोकणों का उपयोग करके एक मजबूत और टिकाऊ स्व-सफाई पॉलीयूरेथेन-आधारित सुपरहाइड्रोफोबिक (एस एच) कोटिंग तैयार की गई। इन कोटिंग्स ने वाणिज्यिक सिलिका नैनोकणों वाली कोटिंग की तुलना में बेहतर स्थायित्व (त्वरित अपक्षय परीक्षण के 200 घंटे से अधिक, 16 डी-आइसिंग चक्र और 15 दिनों तक पानी में डूबे रहने की क्षमता) प्रदर्शित किया।

हंसा-3 (एनजी) के कुछ घटकों को पर्यावरण अनुकूली एनोडाइजिंग प्रक्रिया का उपयोग कर एनोडाइज किया गया और इन घटकों को अगले वायुयान उत्पादन मानक में समाकलित किया जाएगा। त्रिसंयोजक क्रोम पैसिवेटेड Zn-Ni प्लेटेड एन सी एम स्टील के नमूने ने मंडपम, रामेश्वरम में लगभग 2000 घंटे

ध्वनिक कक्ष में एच एल वी एम 3 उपकरण बे

के लवणीय वातावरण में प्रदर्शन के लिए अर्हता प्राप्त की । आर सी एम ए, एफ और एफ द्वारा टाइप अनुमोदन के लिए एल सी ए घटकों पर प्रक्रिया का शीघ्र ही प्रदर्शन किया जाएगा। सीएसआईआर-एनएएल टीम ने नॉलसन-एनजी™ प्रौद्योगिकी के लिए मेसर्स सुप्रीम सोलर प्राइवेट लिमिटेड को सहायता की। देश में पहली बार, सीएसआईआर-एनएएल ने टीएमआर सेंसर के लिए स्पिनट्रॉनिक-आधारित चुंबकीय सुरंग जंक्शन (एमटीजे) का निर्माण किया । चुंबकीय सेंसर की संवेदनशीलता 220% टीएमआर पर 800 एमवी/वी/ओई पाई गई, और विद्युत सेंसर के प्रति संभावित भविष्य के औद्योगिक अनुप्रयोग हैं।

सीएसआईआर-एनएएल ने आसंजक बॉन्डिंग अनुप्रयोगों के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया, उच्च तापमान थर्मल इंसुलेटिंग पेंट, कम घनत्व वाले प्रवाहकीय पेंट और निष्क्रिय दिन के समय विकिरण शीतलन (पीडीआरसी) कोटिंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में नई पहल की है। सीएसआईआर-एनएएल ने स्कैंडिया स्टेबिलाइज़ड जिरकोनिया इलेक्ट्रोलाइट समर्थित ठोस ऑक्साइड ईंधन सेल विकसित किया है और इसका सफलतापूर्वक परीक्षण भी पूरा कर लिया गया है।

अंतरिक्ष में योगदान

सीएसआईआर-एनएएल 1.2 मीटर पवन सुरंग में एक छोटे मॉडल एचएलवीएम3 विन्यास पर अस्थिर दबाव मापन कार्य किए गए। मैक स्वीप और असतत मैक संख्या मोड के बीच डेटा की अच्छी तुलना देखी गई। प्रमुख बहि:सरण के महत्वपूर्ण प्रभाव को अंकित किया। टेस्ट वेहिकल क्रू एस्केप सिस्टम (टीवी-सीईएस), स्पेंट स्टेज कॉन्फ़िगरेशन के छोटे मॉडल पर वायुगतिकीय डाटा उत्पन्न करने के लिए पवन सुरंग अध्ययन किए गए।

सी 32 इंटर-स्टेज कॉन्फ़िगरेशन, LVM3 लॉन्च वाहन का एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक तत्व है. इसका ध्वानिक परीक्षण सुविधा (ए टी एफ) में विस्तृत ध्वानिक योग्यता के लिए परीक्षण किया गया। सीएसआईआर-एनएएल ने गगनयान मिशन के लिए विकसित मानव-रेटेड प्रमोचन यान (एच एल वी एम 3) के लिए ध्वानिक परीक्षण किया, ताकि आंतरिक रव वातावरण

की विशेषता आंकी जा सके और प्रक्षेपण-जैसे ध्वानिक भार के तहत प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक पैकेजों की कंपन प्रतिक्रिया का मूल्यांकन किया जा सके।

जी एस एल वी - एफ 15 और एफ 16 उड़ान स्वीकृति प्रक्रिया के भाग के रूप में, ए टी एफ ने जी एस एल वी मिशनों में उपयोग किए जाने वाले चार एल 40 स्ट्रैप-ऑन नोज़कोन एवियोनिक्स डेक की ध्वानिक योग्यता परीक्षण पूरे किए गये।

सामाजिक क्षेत्र में योगदान

नागर विमानन क्षेत्र और सामरिक क्षेत्र में योगदान देने के अलावा, सीएसआईआर-एनएएल अपनी स्पिन-ऑफ प्रौद्योगिकियों और जानकारी के साथ सामाजिक क्षेत्र में योगदान दे रहा है। 12-फीट जल-दोस्त परियोजना महत्वपूर्ण रूप से 40-फीट फ्लोटिंग अर्थमूवर में विकसित हुई है, जो अब प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर 9 (टी एल आर -9) प्राप्त कर रही है। इसे बीबीएमपी झीलों को साफ करने में उपयोग कर रहा है। एनएएल द्वारा विकसित यूएवी को परिशुद्ध कृषि हेतु श्रीनगर, जम्मु में उपयोग किया जा रहा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) तकनीकों को नाउकास्टिंग मॉडल को बढ़ाने के लिए लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य विमानन और नवीकरणीय ऊर्जा दोनों क्षेत्रों के लिए पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार करना है।

अनुसंधान एवं विकास निष्पादन संकेतक, प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और पेटेंटिंग

वर्ष के दौरान, एनएएल ने तीन उद्योगों को लगभग 1.85 करोड़ रुपये के संचयी लाइसेंस शुल्क के साथ तीन प्रौद्योगिकियों का लाइसेंस दिया। प्रमुख टीओटी में शामिल हैं: मल्टी-कॉप्टर ड्रोन, जलदोस्त और एलसीए-तेजस एमके1-1 के लिए कार्बन बीएमआई इंजन बे डोर। इस वर्ष, सीएसआईआर-एनएएल को टीओटी भागीदारों से 7.89 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क और रॉयल्टी मिली है। सीएसआईआर-एनएएल को अब तक 12 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों से 114 हंसा-3 एनजी विमानों के लिए आशय पत्र प्राप्त हुए हैं। 12 उद्योगों ने सीएसआईआर-एनएएल को ईओआई दस्तावेज प्रस्तुत करने में सक्षम बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए एनएएल के साथ एनडीए पर हस्ताक्षर हुए। इस वर्ष, प्रयोगशाला के लिए सीएसआईआर द्वारा कुल 270.404 करोड़ रुपये का सीएसआईआर अनुदान (125.20 करोड़ रुपये के केंद्रीय प्रशासन अनुदान को छोड़कर) आवंटित किया गया । सीएसआईआर के कुल अनुदान में से, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए आबंटन 46.568 करोड़ रुपये रहें, जो सारस एमके II, टीडी-हाई एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म (एचएपी), प्रमुख प्रयोगशाला परियोजनाओं (एमएलपी), फोकस्ड बेस्ड रिसर्च (एफबीआर) विशेष क्षेत्र क्रिएशन परियोजनाओं (एनसीपी), फास्ट ट्रैक ट्रांसलेशनल (एफटीटी) और फास्ट ट्रैक व्यावसायीकरण (एफटीसी) परियोजनाओं के तहत रहें। सीएसआईआर-एनएएल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बाहरी एजेंसियों से 55.73 करोड़ रुपए की लागत की 27 नई प्रायोजित परियोजनाएं, 84.23 करोड़ रुपए लागत की 12 अनुदान सहायता परियोजनाएं प्रदान की गईं।

सीएसआईआर-एनएएल टीम की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर मुझे बहुत गर्व है। उनका नवाचार, तन्यकता और अटूट प्रतिबद्धता 85 जर्नल प्रकाशनों, 115 सम्मेलन लेख, 9 पेटेंट (6 फाइलड + 3 स्वीकृत), 2 कॉपीराइट और 1 ट्रेडमार्क में उनके योगदान से स्पष्ट होता है। सीएसआईआर-एनएएल ने 2024-25 के दौरान एसीएसआईआर की सराहनीय उपलब्धियाँ भी देखीं। इस वर्ष के दौरान, इंजीनियरिंग विज्ञान के अंतर्गत 13 छात्र और भौतिक विज्ञान के अंतर्गत 3 छात्र पीएचडी कार्यक्रम में शामिल हुए। छह छात्रों को एसीएसआईआर से पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई।

सम्मान और पुरस्कार

सम्मान और पुरस्कार में, प्रयोगशाला के लिए वर्ष 2024-25 उत्साहजनक रहा। प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- सीएसआईआर-एनएएल को 19 नवंबर 2024 को 'वुमेन इन स्टेम' की उत्कृष्टता के लिए सी आई आई पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- डॉ. एच.सी. बड़शिलिया को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), 2025 का फेलो चुना गया।

- डॉ. एच. सी. बड़शिलिया को एप्लाइड प्लाज़्मा साइंस एंड इंजीनियरिंग (एजेसी-एपीएसई) के लिए एशियाई संयुक्त समिति : 2025 का सदस्य चुना गया।
- डॉ. एच.सी. बड़शिलिया को इंडियन सोसाइटी ऑफ़ एनालिटिकल साइंटिस्ट्स, 2024 से डॉ. सुंदरेसन पुरस्कार-2024 मिला।
- डॉ. हेमा सिंह को आईआईटी बीएचयू, वाराणसी से 2024-25 के लिए अनुसंधान और नवाचार में विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार मिला।
- डॉ. एस. सेंथिल कुमार को सीएसआईआर रामन रिसर्च फेलोशिप-2024 मिली।
- डॉ. एस. सेंथिल कुमार को 28 नवंबर 2024 को इंडियन सिरेमिक सोसाइटी, सीईआरए4एस 2024, आईआईटी मद्रास से डॉ. बीवीएस सुब्बा राव मेमोरियल अवार्ड-2024 प्राप्त हुआ।
- डॉ. एस. टी. अरुणा को 21 फरवरी 2025 को इंडियन थर्मल स्प्रे एसोसिएशन, नेशनल थर्मल स्प्रे कॉन्फ्रेंस (एनटीएससी -2025), सीएसआईआर-आई एम एम टी, से नेशनल थर्मल स्प्रे एक्सीलेंस अवार्ड-2025 प्राप्त हुआ।
- डॉ. एस. टी. अरुणा को "ट्रांजेक्शन ऑफ इंडियन सिरेमिक सोसाइटी", टेलर एंड फ्रांसिस के संपादकीय बोर्ड के सदस्य के रूप में चुना गया।
- डॉ. शिव सुब्बा राव को 14 सितंबर 2024 को द इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आई ई टी ई), आई ई एस यूनिवर्सिटी, भोपाल से IETE-Flt. Lt. तन्मया सिंह दंडस मेमोरियल अवार्ड (2024) मिला। ।

इसके अलावा, हमारी प्रयोगशाला के कई वैज्ञानिकों ने फेलोशिप के रूप में कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं, विषय विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनाई है, प्रतिष्ठित संघों/संस्थानों/अध्ययन बोर्डों में सदस्य, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, अन्य व्यक्तिगत/समूह पुरस्कार जीते हैं, संपादकीय बोर्ड के सदस्य और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के समीक्षक के रूप में नियुक्त हुए हैं, सर्वश्रेष्ठ लेख पुरस्कार प्राप्त है। मैं उन सभी को उनकी सफलता पर बधाई देता हूं।

मैं अनुसंधान परिषद के सदस्यों, सीएसआईआर-एनएएल की प्रबंधन परिषद, डीजी-सीएसआईआर और सीएसआईआर मुख्यालय, नई दिल्ली के कर्मचारियों के समर्थन और सहयोग के लिए हृदयपूर्वक धन्यवाद देता हूं। मैं नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के सारस्वत को उनके मार्गदर्शन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं डीआरडीओ, इसरो, डीजीसीए, एडीए, एचएएल, एयर मुख्यालय, एआरडीबी, डीएसटी, आईएनआरएफ, डीएई, रक्षा सेवाएं, एमओईएस, आईएमडी, एमओसीए और अन्य जैसे हमारे विभिन्न हितधारकों से प्राप्त समर्थन को भी स्वीकार करता हूं, अंतर्राष्ट्रीय निकाय भी शामिल हैं, जिन्होंने हमारी क्षमताओं में अपना विश्वास बनाए रखा है और कई अ-वि परियोजनाओं को प्रायोजित किया है। प्रायोजक एजेंसियों के प्रयासों, सहयोग और हम पर रखे विश्वास के कारण सभी उपलब्धियां संभव हुई हैं।

निष्पादन लक्ष्यों को पार करने से लेकर एक सहयोगी और समावेशी कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने तक, हमारी टीम द्वारा दिखाया गया समर्पण हमारी सफलता की आधारशिला है। मैं प्रत्येक कर्मचारी को अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करता हूं, जिनके प्रयासों ने इस वर्ष को उत्कृष्ट बनाया है। हम उस भविष्य के बारे में उत्साहित हैं जिसे हम बना रहे हैं - निरंतर विकास, साझा सफलता और असीम संभावना। ऐसी प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक टीम के साथ। मुझे विश्वास है कि आने वाला वर्ष और भी बड़ी उपलब्धियां लेकर आएगा।

अभय ए पशिलकर
निदेशक

Report of the Director

The year 2024-25 marked another significant step in CSIR-National Aerospace Laboratories (CSIR-NAL) journey to redefine the future of our aerospace Research and Development (R&D) activities, driven by advanced research, strategic partnerships and unwavering commitment to excellence. Further, CSIR-NAL remained vibrant as we witnessed visits of dignitaries like Hon. Vice President, Shri Jagdeep Dhankhar and Hon. Union Minister of Civil Aviation, Shri K Ram Mohan Naidu. These visits have given impetus to CSIR-NAL's in-house technologies and products for enabling the growth of the Indian Civil Aviation Sector. CSIR-NAL continued to achieve major milestones in the Civil Aviation R&D as well as supporting the India-centric programs of the Defence Research and Development Organization (DRDO) and Indian Space Research Organization (ISRO).

It gives me immense pleasure to present the Annual Report of CSIR-NAL for the year 2024-25, a testimony to the hard work and commitment of the CSIR-NAL team. Here is a compilation of the key achievements of CSIR-NAL for the year 2024-25. I thank the entire CSIR-NAL team for contributing to the magnificent leap that CSIR-NAL has made during the past year.

Major Highlights

During the year 2024-25, several significant achievements were made across multiple aerospace programs. Systems Engineering, Reliability Engineering, and Quality Assurance practices were deeply integrated into key programs like SARAS Mk II, Hansa-3(NG), and High-Altitude Pseudo Satellite (HAPS). To achieve Atmanirbhar Bharath in the aerospace domain, CSIR-NAL has submitted proposals to DSIR under the Aerospace Projects of National Importance (APNI) scheme with focus on indigenization. These projects were presented to the lab and were reviewed by the Research Council and by our mentor Dr. V K Saraswat, Member, NITI Aayog.

